# ओ रे खाटू वाले | By Gourav Dutt

ओ रे खाटूवाले खाटू बुला ले
दर्शन बिना नहीं कटते दिन ये हमारे

महीना के महीना बाबा बीत गए हैं
अखियों से अब तो मेरे नीर बहे हैं
अब तो दया कर दो ना सेवक तुम्हारे

झूठा है जग ये सारा किसको बताएं
दिल की लगी को बाबा किसको सुनाएँ
हार के बैठा हूँ मैं तेरे सहारे

करूँ शुक्रिया मैं तेरा अब तक निभाया
भक्तों का तुमने बाबा काम बनाया
गौरव की नैया है अब तेरे हवाले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%93-%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-gourav-dutt/